# अर्द्धवार्षिक परीक्षा – 2026–27
# विषय : सामाजिक विज्ञान
# कक्षा : 10

समय : 3:00 घण्टा पूर्णांक : 70

नोट— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड– अ बहुविकल्पीय प्रश्न

सही विकल्प चुनकर उसे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर चिह्नित कीजिए।

1. फ्रांस की क्रान्ति कब हुई थी— 1

(क) 1688ई. (ग) 1919ई.
(ख) 1789ई. (घ) 1939ई.

2. जर्मनी के एकीकरण में मुख्य भूमिका किसकी थी— 1

(क) हिटलर (ग) मुसोलिनी
(ख) ऑटोमन विस्मार्क (घ) गैरीबाल्डी

3. रॉल्ट एक्ट कब पारित हुआ— 1

(क) 1918ई. (ग) 1920ई.
(ख) 1919ई. (घ) 1921ई.

4. कांग्रेस के किस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की माँग की गयी थी— 1

(क) बम्बई (ग) गया
(ख) नागपुर (घ) लाहौर

5. भारत छोड़ो आन्दोलन कब शुरू हुआ— 1

(क) जून 1942 ई. (ग) अगस्त 1942ई.
(ख) जुलाई 1942ई. (घ) सितम्बर 1942ई.

6. 'हिन्दी स्वराज' पुस्तक के लेखक है— 1

(क) सरदार पटेल (ग) महात्मा गाँधी
(ख) बाल गंगाधर तिलक (घ) सुभाषचन्द्र बोस

7. कॉर्न्स लॉ से सम्बन्धित देश है— 1

(क) जर्मनी (ग) फ्रांस
(ख) संयुक्त राज्य अमेरिका (घ) ब्रिटेन

8. आर्थिक महामंदी का प्रारम्भ कब से हुआ— 1

(क) 1919ई. (ग) 1929ई.
(ख) 1924ई. (घ) 1934ई.

9. निम्नलिखित में से एक मिट्टी का प्रकार नहीं है— 1

(क) काली (ग) लेटेराइट
(ख) पीली (घ) सीमेण्ट

10. कपास की खेती के लिए निम्नलिखित में से कौन सी मिट्टी उपयुक्त है। 1

(क) लाल मिट्टी (ग) कालीमिट्टी
(ख) लेटेराइट मिट्टी (घ) जलोढ़ मिट्टी

11. चिपको आन्दोलन सम्बन्धित है— 1

(क) मृदा संरक्षण (ग) जल संरक्षण
(ख) वन संरक्षण (घ) वायु संरक्षण

12. सलाल बांध किस नदी पर बना है— 1

(क) महानदी (स) सतलुज
(ख) चिनाव (द) कृष्णा

13. निम्न में से कौन–सी एक रबी फसल है— 1

(क) कपास (ग) जौ
(ख) गेहूँ (घ) सरसों

14. श्रीलंका कब एक स्वतंत्र राष्ट्र बना— 1

(क) 1947ई. (ग) 1957ई.
(ख) 1949ई. (घ) 1981ई.

15. श्रीलंका में निम्नलिखित में से कौन–सा बहुसंख्यक वर्ग है— 1

(क) तमिल (ग) सिंहली
(ख) ईसाई (घ) मुस्लिम

16. नगर निगम के प्रमुख को क्या कहते हैं? 1

(क) चेयरमैन (ग) नगर प्रधान
(ख) मैयर (घ) नगर अधीक्षक

17. निम्नलिखित में से कौन सा संघ सूची का विषय है— 1

(क) व्यापार (ग) कृषि
(ख) शिक्षा (घ) विदेशी कार्य

UPBoardHub

18. किसी देश के विकास को निर्धारित करने का आधार है— 1

(क) स्वास्थ्य एवं शिक्षा का स्तर (ग) व्यक्तियों का साक्षरता स्तर
(ख) प्रतिव्यक्ति आय (घ) इनमें से सभी

19. निम्न में से किसके कृषि क्षेत्रक कहते हैं— 1

(क) प्राथमिक क्षेत्रक (ग) तृतीयक क्षेत्रक
(ख) द्वितीयक क्षेत्रक (घ) चतुर्थक क्षेत्रक

20. तृतीयक क्षेत्रक का व्यवसाय है— 1

(क) बैकिंग (ग) कपास बुनना
(ख) पशुपालन (घ) दुग्ध बेचना

## खण्ड– ब वर्णनात्मक– 1 ( $4 \times 4 = 16$ )

निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए–

1. इटली के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

महात्मा गांधी की 'नमक यात्रा' का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

2. महात्मा गांधी ने 1931 ई. में सविनय अवज्ञा आंदोलन क्यों वापस ले लिया? 4

अथवा

1929 की आर्थिक महामंदी का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।

3. मृदा अपरदन क्या है? इसके दो कारण लिखिए। 4

UPBoardHub

अथवा

संसाधन नियोजन क्या है? इस हेतु कोई तीन उपाय बताइए।

4. संघवाद क्या है? इसकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 4

अथवा

लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों जरूरी है? कोई दो तर्क दीजिए।

## वर्णनात्मक– 2

निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए– $4 \times 6 = 24$

5. असहयोग आंदोलन के मुख्य कारण क्या थे? 6

अथवा

ब्रोटन वुड्स समझौते का क्या अर्थ है? इसका क्या उद्देश्य था?

6. विकास की धारणीयता से क्या तात्पर्य है? विकास के लिए यह क्यों आवश्यक है? 6

अथवा

तृतीयक क्षेत्रक अन्य क्षेत्रक से भिन्न कैसे हैं? व्याख्या कीजिए।

7. विकेन्द्रीकरण क्या है? इसके लिए भारतीय संविधान में क्या व्यवस्था दी गयी? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए। 6

अथवा

बेल्जियम की शासन व्यवस्था का वर्णन कीजिए। जल जीवन मिशन पर प्रकाश डालिए।

8. भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का क्या महत्व है? इसके विभिन्न प्रकारों की विवेचना कीजिए। 6

UPBoardHub

## मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न–

9.(क) वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। 1

(ख) वह स्थान जहाँ गांधी जी बिहार में सत्याग्रह आंदोलन किया। 1

(ग) वह स्थान जहाँ चौरी–चौरी काण्ड हुआ। 1

(घ) वह स्थान जहाँ महात्मा गांधी ने नमक कानून तोड़ा था। 1

(ङ) वह स्थान जहाँ जालियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ। 1

10. दिए गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए––

(क) राणा प्रताप सागर बांध $\bullet$ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1

(ख) चाय उत्पादन का एक क्षेत्र $M$ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1

(ग) गन्ना उत्पादन का एक क्षेत्र $\diamond$ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1

(घ) सलाल बांध $\bigcirc$ किस नदी पर $\sim$ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1

(ङ) लोहा अयस्क क्षेत्र $\swarrow$ चिह्न द्वारा नाम सहित। 1

आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Rewad Pa Skte h